# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन–2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


Ref: BRLPS-LSBA/Proj/16/17/48 Date – 17.05.2017

**प्रेषक,**

**राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०**

**राज्य समन्वयक,**

**लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान ।**

**सेवा में,**

**सभी जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति,**

**बिहार, पटना ।**

**विषय:- राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण एवं सूचि तैयार करने के सम्बन्ध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को 2 अक्टूबर 2019 तक खुले में शौच से मुक्त बनाने के उद्देश्य से लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान चलाया जा रहा है | हाल ही में संयुक्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित बैठक में भाग लिया गया और उनके द्वारा तकनिकियुक्त शौचालय निर्माण हेतु राजमिस्त्रियो के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया |

इस अभियान के अंतर्गत दो गड्ढे वाले सोख्ता शौचालय के निर्माण को ही प्रोत्साहित किया जा रहा है | दो गड्ढे वाले सोख्ता शौचालय निर्माण के दौरान तकनिकी बिंदुओं को ध्यान में रखकर निर्माण करवाना बहुत ही महत्वपूर्ण है और यही शौचालय की आधारशिला है | यह तभी संभव है जब इस प्रकार के शौचालय पर अधिक से अधिक राजमिस्त्रियो को प्रशिक्षित कर उनको कार्य पर लगाया जाय | इसलिए तय सीमा में लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु पंचायत वार राजमिस्त्रियों का आंकलन कर उनकी सूचि बनाया जाय | सूचि में उनका नाम तथा दूरभाष संख्या आवश्यक है |

**अतः आप सभी को निर्देश दिया जाता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड समन्वयक के माध्यम से सभी प्रखंडो के लिए पंचायत वार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक राजमिस्त्रियों की सूचि महिला सहित तैयार करे;** ताकि राज्य स्तर से RSETTI, जीविका एवं DWSC के सहयोग से चिन्हित राजमिस्त्रियो को चरणबद्ध तरीके से प्रस्तावित प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जा सके |

विश्वासभाजन

17/5/17

**( राजीव कुमार सिंह )**

ज्ञापांक:- BRLPS-LSBA/Proj/16/17/48 दिनांक - 17.05.2017

प्रतिलिपि:- सभी उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति/ सभी निदेशक लेखा, डी.आर.डी.ए. सह सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ |

प्रतिलिपि:- राज्य परियोजना प्रबंधक, स्वास्थ्य एवं पोषण (जीविका) को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रतिलिपि:- निदेशक - RSETTI, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रतिलिपि:- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सूचनार्थ |

प्रतिलिपि:- सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ |

17/5/17

**( राजीव कुमार सिंह )**